an>

Title: Need to review the current status of families eligible for Pradhan Mantri Awas Yojana-laid.

श्री दिलीप शइकीया (मंगलदोई): मैं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना की ओर दिलाना चाहता हूँ । हमारे प्रधानमंत्री जी ने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्ग की पीड़ा को समझा और सभी को घर देने की इस महान योजना का शुभारम्भ किया जिसके फ़लस्वरुप आज देश में गरीबों को उसका पूरा लाभ मिल रहा है । इस योजना के हेतु पात्रता का आकलन 2011 के जनगणना के आधार रखकर किया जा रहा है और इस आकलन के आधार पर जिन लोगों को उस वक्त घर की आवश्यकता थी अथवा जिन लोगों को उस समय घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता थी उन लोगों की स्थिति में आज कई बदलाव आये है जैसा कि मैं असम प्रदेश से आता हूँ और असम में 2011 की जनगणना के अनुसार बहुत परिवर्तन हुआ है जिन लोगों के घर में छत नहीं थी या दीवार नहीं थी उन लोगों के घर पर आज छत है और दीवार भी है यह सब इतने समय के अंतराल में उन लोगों के अथक परिश्रम से ही हुआ होगा । और इस कारण आज इस योजना का लाभ उसी जनगणना के आधार पर दिया जा रहा है जो आज के पात्र लोगों के साथ शायद अन्याय है ।

इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस योजना में कुछ बदलाव करते हुए योजना का लाभ देने से पूर्व पात्र व्यक्ति की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखा जाए और पात्र व्यक्ति तक इसका लाभ पूर्ण रुप पहुंचे यहीं अंत्योदय को परिलक्षित करेगा ।